# Page Three Classified

**Adds can be booked under these Categories : (all day publication)**

Recruitment
Property
Business Opportunity
Vehicles
Announcements
Antiques & Collectables
Barter
Books
Computers
Domain Names
Education
Miscellaneous
Entertainment & Event
Hobbies & Interests
Services
Jewellery & Watches
Music
Obituary
Pets & Animals
Retail
Sales & Bargains
Health & Sports
Travel

**Matrimonial (Sunday Only)**



**अब मात्र रु. 20 प्रति शब्द**


# गांवों में सब्जियों के दाम छूने लगे है आसमान

**मंहगाई**

## सब्जी के बढ़ते दामों ने आम आदमी का बजट बिगाडा

**निर्मल भट्ट। विशेष रिपोर्ट**



पिथौरागढ़। सीमांत जनपद मुख्यालय में इन दिनों साग सब्जियों के दाम आसमान छूने लगे है। आलम यह है कि इससे आम आदमी का बजट बिगड़ चुका है। बता दें कि बाजार में सब्जी खरीदने आने वाले लोगों का कहना है कि अब तो आलू और प्याज व टमाटर धीरे धीरे रसोई से बाहर हो जायेगे।

जिले में वर्तमान में आलू पचास रूपये किलो,प्याज अस्सी रूपये किलो,टमाटर पेसठ रूपये से लेकर सत्तर रूपये के आसपास बिक रहा है। वही मटर एक सौ बीस रूपये फूलगोभी अस्सी रूपये किलो तक बिक रही है। दूसरी ओर स्थानीय स्तर पर उत्पादित होने वाली हरी सब्जी इस बार बारिश के कम होने व मौसम में अनूकूल बदलाव के चलते जो भी मिल रही है उसके दाम भी आये दिन छलांग मार रहे है। जिले में लगातार सब्जियों के बढ़ते दामों ने आम आदमी के बजट को बिगाड़ डाला है। इस कदर लगातार हो रही सब्जियों के दामों में बढ़ोतरी पर अब तक कोई भी कुछ बोलने को तैयार नही है।

जिले में आम आदमी के सामने सब्जी खरीदना किसी चुनौती से कम नही हो रहा है। सीमांत जनपद में आम आदमी आलू,प्याज व टमाटर खरीदने में असहज महसूस कर रहा है। एक ओर जहां आये दिन रसोई गैस डीजल व पेट्रोल के दाम बेतहाशा बढ़ाये जा रहे है।

दूसरी ओर अब आम आदमी को सब्जी के बढ़ते दामों ने परेशान कर डाला है। जिले के लोगों का कहना है कि मंहगाई को काबू करने के लिए अब तक धरातल पर कोई खासा असर देखने को नही मिल रहा है।

जिले में जहां एक ओर लोग अभी तक अन्य सब्जियों के दाम मंहगे होने के बावजूद आलू व प्याज और टमाटर से काम चलाया करते थे अब लगता है कि धीरे धीरे ये सब्जियां आम आदमी के रसोई से बाहर हो जायेगी।

## न्यूज डायरी

### गंगोलीहाट की युवती हुई लापता

**संवाददाता** पिथौरागढ़। सीमांत जनपद पिथौरागढ़ की तहसील गंगोलीहाट से युवती भावना उम्र अठाइस साल पत्नी नीरज निवासी गंगोलीहाट पिछले एक सप्ताह से घर से लापता हो गई है। युवती के पिता ने दुबई से गंगोलीहाट राजस्व चौकी में बपनी बेटी के लापता होने की दूरभाष से तहरीर दर्ज कराई है। लापता युवती शादीशुदा है। युवती के पिता का नाम बहादुर सिंह है। युवती का पति प्रांइवेट कंपनी में कार्यरत है। युवती के पिता ने सोशियल मिडिया में युवती की फोटो डालकर उसे ढूढे जाने की मांग की है।

### ढाई लाख से अधिक नगदी लेकर चौकीदार फरार

**संवाददाता** हरिद्वार। किरायेदारों की देखरेख करने सहित अन्य व्यवस्थाओं के लिए रखा गया चौकीदार ढाई लाख से अधिक की नगदी लेकर फरार हो गया। पीड़ित मकान मलिक ने फरार चौकीदार के खिलाफ रानीपुर कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मामला दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है। रानीपुर कोतवाली प्रभारी निरीक्षक योगेश सिंह देव ने बताया कि इकबाल सिंह पुत्र कतार सिंह निवासी एस 49 शिवालिक नगर रानीपुर हरिद्वार ने तहरीर देते हुए शिकायत की है कि उसके द्वारा मकान में किरायेदारों की देखभाल करने, पानी भरने, कुकिंग कार्य के लिए मासिक वेतन पर एक चौकीदार तुकई बनिक को जुलाई 2019 में रखा गया था। जिसने किरायेदारों से तीन माह अगस्त, सितम्बर और अक्टूबर का किराया सहित अन्य व्यवस्थाओं से प्राप्त नगदी सहित दो लाख चव्वन हजार सात सौ सत्तर रूपये लेकर गुरूवार की रात को फरार हो गया।

### लिवप्योर ने 70 प्रतिशत वॉटर रिकवरी वाला दुनिया का पहला

**संवाददाता** देहरादून। एक स्वस्थ और स्थायी जीवन देने में फ्रंटरनर, लिवप्योर नेअब तक एक और भविष्य रेंज को लॉन्च किया है, जो आरओ (रिवर्स ऑस्मोसिस) आधारित वाटर प्यूरीफायर है एक बड़ी सफलता प्राप्त की है। एशियन डेवलपमेंट बैंक के पूर्वानुमान के अनुसार 2030 तक भारत में 50 प्रतिशत पानी की कमी होगी। लिवप्योर ने जल संरक्षण के बारे में जागरूकता फैलाने के लिए अतीत में कटिंगपानी और रिवर्सइनअबोतल जैसे कई कैम्पेन चलाए हैं। यह आरओ मौजूदा आरओ मेंउपलब्ध 25 प्रतिशत से 30 प्रतिशत रिकवरी के मुकाबले 70 प्रतिशत पानी रिकवर करेगा। इससे प्रति वर्ष लगभग 20,000 लीटर पानी की बचत होगी, जिससे भारत और दुनिया के कई देशों में पानी के संरक्षण में एक बड़ा योगदान है। लिवप्योर ने जिंगर और प्लैटिनो प्लस कॉपर लॉन्च किया है, जो 70 प्रतिशत पानी रिकवर करता है और कंज्यूमर्स के लिए पैसे के लिए ग्रेट वैल्यू देता है।

## सीएम ने गोरखा समाज के लोगों को दशहरे के पर्व एवं शरद पूर्णिमा की शुभकामनाएं दी



**संवाददाता** देहरादून। शरद पूर्णिमा के अवसर पर गोरखा समाज के सदस्यों ने मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र को जौ, दही एवं चावल का टीका लगाकर उनके साथ दशहरा पर्व मनाया। दशहरा पर्व गोरखा समाज द्वारा पांच दिन तक मनाया जाता है। मुख्यमंत्री ने गोरखा समाज के लोगों को दशहरे के पर्व एवं शरद पूर्णिमा की शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि त्योहार सभी के जीवन में उमंग और खुशियां लेकर आये। त्योहार हमारे जीवन में सौहार्द एवं भाईचारे के प्रतीक होते हैं। इस अवसर पर गोरखा कल्याण परिषद् के अध्यक्ष टी.डी. भूटिया, गोरखा डेमोक्रेटिक फ्रंट के अध्यक्ष सूर्य विक्रम शाही, गोरखा सुधार सभा के अध्यक्ष पदम थापा, टेकू थापा, श्रीमती मीनू क्षेत्री, श्रीमती ज्योति कोटिया, श्रीमती प्रभा शाह, आदि उपस्थित थे।


**कार्यालय अधिशासी अभियन्ता,निर्माण शाखा,**
**उत्तराखण्ड पेयजल संसाधन विकास एंव निर्माण निगम, पिथौरागढ़**

पत्रांक 2847 / निविदा / 204 दिनांक : 26.10.2020

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

अध्यक्ष, उत्तराखण्ड पेयजल संसाधन विकास एंव निर्माण निगम की ओर से अघोहस्ताक्षरी द्वारा जल जीवन मिशन कार्यक्रम अन्तर्गत निम्नलिखित पेयजल योजनाओं के निर्माण कार्यो हेतु विभाग में पंजीकृत 'डी' श्रेणी ठेकेदारों से मुहरबन्द निविदा दिनांक 03.11.2020 को अपरान्ह 15:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है जो उसी दिन 15:30 बजे अधोहस्ताक्षरी अथवा उनके द्वारा नामित अधिकारी द्वारा निविदादाताओं/प्रतिनिधि के सम्मुख खोली जायेगी। योजनाओं का विवरण निम्नानुसार है–

| क्रं सं | कार्य का विवरण | विकास खण्ड | धरोहर राशि (रू0 में) | निविदा प्राप्त करने की अन्तिम तिथि | कार्य पूर्ण करने की अवधि | निविदा प्रपत्र का मूल्य (रू0 में) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | जांखपन्त (रिट्रोफिटिंग) पे0यो0 | मूनाकोट | 42,000.00 | 02.11.2020 सांय | 45 दिन | 2000.00+18% GST |
| 2 | भण्डारीगांव बजेटा (रिट्रोफिटिंग) पे0यो0 | कनालीछीना | 29,000.00 | 16:00 बजे तक | 45 दिन | 1000.00+18% GST |

आर0 एस0 धर्मशक्तु
अधिशासी अभियन्ता


## पुरानी पेंशन बहाली संघर्ष मोर्चे के बैनर तले पोस्टकार्ड अभियान किया तेज

**संवाददाता**




पुरोला। विकासखण्ड के अंतर्गत शुक्रबार को पुरानी पेंशन बहाली संयुक्त मोर्चे के बैनर तले पोस्टकार्ड अभियान का आयोजन किया,कार्यक्रम के तहत जनपद के पदाधिकारियों ने कई विभागों में भ्रमण कर अपनी बहुप्रतीक्षित मांग पुरानी पेंशन बहाली को लेकर अधिकारी,कर्मचारियों से मिलकर प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री को अपनी मांग के समर्थन में पोस्टकार्ड लिखकर पोस्ट आफिस के माध्यम से प्रेषित किये।

पुरानी पेंशन संयुक्त मोर्चे के जिला अध्यक्ष गुरुदेव सिंह रावत ने कहा कि राष्ट्रीय स्तर पर सम्पूर्ण भारत मे पुरानी पेंशन के लिए कई वर्षों से अधिकारी,कर्मचारी संघर्ष करते आ रहे हैं लेकिन सरकार हमारी मांगों को गंभीरता से नही ले रही है यह कर्मचारियों के साथ अन्याय है और कर्मचारियों की उपेक्षा है जिसके लिए देश व प्रदेश के सभी कर्मचारी नई पेंशन स्कीम के विरोध में है। संयुक्त मोर्चा पुरानी पेंशन योजना को लागू करने के लिए पिछले कई माह से आंदोलित हैं और यदि सरकार शीघ्र हमारी मांग को लेकर सकारात्मक निर्णय न ले तो संयुक्त मोर्चा किसी भी प्रकार से उग्र आंदोलन के लिए लामबंध हैं।

पोस्टकार्ड अभियान कार्यक्रम में भरत रावत, मनदीप, सागर बडोनी,बिक्रम सिंह रावत,दीपक नेगी,दिनेश रावत,देवेश सेमवाल,सुरेंद्र राणा, कृष्ण सिंह आदि शामिल थे।

## जीरो टॉलरेंस की बात करने वाली सरकार सिर्फ जुमलेबाजी ही कर सकती है

**संवाददाता** देहरादून। आज आम आदमी पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता रविन्द्र सिंह आनन्द ने एक बयान जारी कर कहा कि जब उच्च न्यायालय के आदेश दुकानों एवं मंदिरों को ध्वस्त करने के लिए आए तो राज्य सरकार द्वारा ने असमर्थता दिखाते हुए व्यापारियों के हित में कोई निर्णय ना लिया और ना ही सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा ही खटखटाया। वहीं दूसरी ओर जब माननीय उच्च न्यायालय द्वारा त्रिवेंद्र सिंह रावत पर लगे भ्रष्टाचार के आरोपों के लिए सीबीआई जांच के आदेश हुए और त्रिवेंद्र सिंह रावत की कुर्सी हिलने लगी तब वह तत्काल सुप्रीम कोर्ट की शरण में पहुंच गए इससे यह साबित होता है कि त्रिवेंद्र सरकार व्यापारी हितों के लिए संवेदनशील नहीं है। जब व्यापारियों की दुकानों को तोड़ा जा रहा था उस वक्त राज्य सरकार ने उच्च न्यायालय का हवाला देते हुए यह कहा कि यह हाईकोर्ट का आदेश है परंतु राज्य सरकार द्वारा अपना पक्ष सुप्रीम कोर्ट में नहीं रखा गया, लेकिन जब अपनी सरकार पर आन पड़ी तब वे दौड़े–दौड़े सुप्रीम कोर्ट पहुंच गए।